# JP GROUP OF EDUCATION

## पुस्तक विमोचन समारोह

आज दिनांक 25.09.2025 दिन गुरूवार को जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के टैगोर हॉल में जे0पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु लिखित पुस्तक **''शिक्षा मनोविज्ञान अधिगम की नई दिशा''** का विमोचन जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार के द्वारा किया गया। डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला के द्वारा इस पुस्तक के बारे में बताते हुए कहा गया कि यह पुस्तक बी0 एड0 पाठ्यक्रम के अनुकूल है। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश कुमार ने इन्हें बधाई देते हुए कहा कि इनकी यह उपलब्धि न केवल इनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि यह जे0 पी0 ग्रुप की भी उपलब्धि है। इन्होंने उपस्थित शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को उत्साहित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आज डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा लिखित दूसरी पुस्तक का विमोचन हो रहा है, मैं चाहूँगा कि आने वाले दिनों में अन्य शिक्षकों की पुस्तकों का विमोचन हो।

ज्ञातव्य हो कि डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा लिखित यह दूसरी पुस्तक है। इनकी पहली पुस्तक **''ज्ञान एवं पाठ्यक्रम''** है जो विभिन्न बी0एड0 कॉलेजों में पढ़ाई जा रही है। जबकि इनकी तीसरी पुस्तक **''समकालिन भारत की शिक्षा''** अभी प्रकाशाधीन है।

इस अवसर पर जे0 पी0 ग्रुप के दोनों बी0 एड0 कॉलेज क्रमशः जे0 पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं जे0 पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी0 एड0 सत्र 2024—26 के प्रथम वर्ष के विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये हुए प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया। इन्हें सम्मानित करते हुए संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को बेहतर प्रदर्शन करने हेतु उत्साहित किया।

इस सम्मान सह पुस्तक विमोचन समारोह में जे0 पी0 ग्रुप के सभी विभागों के प्राचार्य तथा शिक्षकगण एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ0 अशोक कुमार प्रियदर्शी के द्वारा किया गया।




